भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **820**
दिनांक 21 नवम्बर , 2019 / 30 कार्तिक, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

सोलापुर में विमान सेवाएं

820. डॉ. जयसिद्धेश्वर स्वामीजी:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सोलापुर (महाराष्ट्र) से विमान सेवाओं को शुरू करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;
(ख) यदि हां, तो इस संबंध में तय समय-सीमा सहित लोगों के लाभ के लिए सोलापुर से देश के अन्य शहरों तक हवाई सेवा शुरू करने की रूपरेखा का ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) सरकार द्वारा अब तक इस सिलसिले में किए गए प्रयासों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) से (घ) क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना (RCS) – उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के संस्करण 2.0 के अंतर्गत सोलापुर से बेंगलुरु और हैदराबाद के मार्गों को चयनित एयरलाइन प्रचालकों को अवार्ड किया गया है। आरसीएस उड़ानों को उड़ान मार्ग पर बाधाओं अर्थात चिमनियों के कारण आरंभ नहीं किया जा सका है। कार्यान्वयन एजेंसी ने महाराष्ट्र सरकार से चिमनियों को हटाने के लिए समुचित कदम उठाने का अनुरोध किया है, ताकि आरसीएस उड़ानों को आरंभ किया जा सके।

*****